लोक सभा अध्यक्ष ने बुद्ध पूर्णिमा की पूर्व संध्या पर देशवासियों को बधाई दी

...

नई दिल्ली; 22 मई, 2024: लोक सभा अध्यक्ष, श्री ओम बिरला ने बुद्ध पूर्णिमा की पूर्व संध्या पर देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। श्री बिरला ने अपने संदेश में कहा :

"भगवान बुद्ध की शिक्षाओं से हमें दार्शनिक, नैतिक और व्यावहारिक ज्ञान की प्राप्ति होती है । उनकी शिक्षाओं का उद्देश्य मानवमात्र के लिए नैतिक जीवन का मार्ग प्रशस्त करना , उसके मन के अन्धकार को दूर करना   और अंततः उसे दुखों से मुक्ति दिलाना है। भगवान् बुद्ध द्वारा दी गयी चार महान सत्य और अष्टांग मार्ग की शिक्षा हमें जीवन की चुनौतियों से निपटने का मार्ग दिखाती है और हमें मानसिक शांति और मोक्ष की ओर ले जाती है।   बुद्ध पूर्णिमा का यह पावन अवसर भगवान बुद्ध की शिक्षाओं और वर्तमान काल में हमारे जीवन में उनकी प्रासंगिकता पर मनन करने का समय है।

इस अवसर पर, आइए हम सब भगवान बुद्ध की महान शिक्षाओं को आत्मसात करें और समाज में शांति, सद्भाव और सकारात्मकता का प्रचार-प्रसार करें।"